Assistant Professor (College Edu. Deptt.) Exam-2025

Exam Date :- 19-12-2025

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 40
Number of Pages in Booklet : 40
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

# CAP-25

**इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

988069
प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

**Paper Code : 43**

**Paper – I**
**Sub : Business Administration-I**

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :**
- **प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं ।**
- **प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।**

**किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है ।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा** । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**
10.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
13. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं **आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।**

1. निम्नलिखित में से कौन सी एक परिवर्तनकारी नेता/लीडर की विशेषता नहीं है ?

(1) आदर्शित प्रभाव

(2) प्रेरणादायक प्रेरणा

(3) आकस्मिक पुरस्कार

(4) व्यक्तिगत विचार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Which of the following is not a characteristic of a transformational leader ?

(1) Idealized Influence

(2) Inspirational motivation

(3) Contingent reward

(4) Individualised consideration

(5) Question not attempted

2. जोहरी विंडो में, 'अरेना' का अर्थ है

(1) ऐसी जानकारी जो स्वयं और दूसरों के लिए अज्ञात हो ।

(2) ऐसी जानकारी जो स्वयं को ज्ञात है पर दूसरों से छुपी है ।

(3) ऐसी जानकारी जो स्वयं और दूसरों दोनों को ज्ञात है ।

(4) ऐसी जानकारी जो केवल दूसरों को ज्ञात है पर स्वयं को नहीं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. In the Johari Window, the 'Arena' refers to :

(1) Information unknown to self and others.

(2) Information known to self but hidden from others.

(3) Information known to both self and others.

(4) Information known only to others but not self.

(5) Question not attempted

3. विभागीकरण जहाँ गतिविधियों को उत्पाद/ग्राहक प्रवाह के आधार पर समूहीकृत किया जाता है, को कहते हैं

(1) उत्पाद विभागीकरण

(2) ग्राहक विभागीकरण

(3) भौगोलिक विभागीकरण

(4) प्रक्रिया विभागीकरण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. Departmentalization where activities are grouped on the basis of product/customer flow is known as :

(1) Product departmentalization

(2) Customer departmentalization

(3) Geographic departmentalization

(4) Process departmentalization

(5) Question not attempted

4. निम्नलिखित में से कौन सा कथन संगठन की दृष्टि (विज़न) के लिये सत्य नहीं है ?
(1) मूल मूल्यों और सिद्धांतों का एक संगठनात्मक चार्टर
(2) भविष्य की ओर धकेलने वाला (पुशर)
(3) परावलंबन की घोषणा
(4) प्राथमिकताओं, योजनाओं और लक्ष्यों का अंतिम स्रोत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्न में से किस नैतिकता सिद्धांत के अनुसार, 'भले ही किसी कार्य का परिणाम अच्छा हो, कुछ कार्य हमेशा गलत होते हैं' ?
(1) कर्तव्य-निष्ठ सिद्धांत
(2) प्रयोजनवाद सिद्धांत
(3) उपयोगितावादी सिद्धांत
(4) उत्तमता प्रकृति/गुण सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. व्यूहरचना प्रबंधन प्रक्रिया चरणों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(1) व्यूहरचना क्रियान्वयन व्यूहरचना मूल्यांकन के बाद का चरण है।
(2) व्यूहरचना निर्माण व्यूहरचना प्रबंधन प्रक्रिया का प्रथम चरण है।
(3) व्यूहरचना क्रियान्वयन व्यूहरचना मूल्यांकन से पूर्व का चरण है।
(4) व्यूहरचना प्रबंधन प्रक्रिया के सभी चरण एक साथ पूरे किये जाते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. Which of the following statements is not true for the vision of an organisation ?
(1) An organizatioal charter of core values and principles
(2) A pusher into the future
(3) A declaration of dependence
(4) The ultimate source of priorities, plans and goals
(5) Question not attempted

5. According to which of the following ethical theory, 'though the consequences of an act is good, some acts are always wrong' ?
(1) Deontological theories
(2) Teleological theories
(3) Utilitarian approach
(4) Virtue theory
(5) Question not attempted

6. Which of the following is correct about strategic management process steps ?
(1) Strategy implementation succeeds strategy evaluation.
(2) Strategy formulation is first stage of strategic management process.
(3) Strategy implementation precedes strategy evaluation.
(4) All steps of strategic management process goes on simultaneously.
(5) Question not attempted

7. हेमरिक और फ्रेडरिकसन् के रणनीतिक प्रबंधन मॉडल के अनुसार दूसरे चरण में शामिल है
(1) लक्ष्य और उद्देश्य
(2) कार्यान्वयन
(3) विज़न और मिशन
(4) रणनीति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. तनाव के नकारात्मक पहलुओं को कहते हैं :
(1) कष्टपूर्ण तनाव (2) अच्छा तनाव
(3) हलका तनाव (4) कार्य तनाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. निम्न में से टी क्यू एम (सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन) का मूर्त लाभ कौन सा है ?
(1) कर्मचारी शिकायतों में कमी
(2) प्रभावी समूह (दल) कार्य
(3) कार्य रुचि में वृद्धि
(4) मानवीय संबंधों में सुधार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नांकित में से कौन सा बिजनेस प्रोसेस रीइंजीनियरिंग (बी.पी.आर.) का एक लाभ नहीं है ?
(1) त्रुटियों को कम करता है ।
(2) प्रत्येक प्रक्रिया के आउटपुट हेतु दायित्व तय करता है ।
(3) उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करता है ।
(4) नियमित मूल्यांकन को न्यून करता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. According to Hamrick and Fredrickson's model of strategic management, the second stage involves –
(1) Goals and Objectives
(2) Implementation
(3) Vision and Mission
(4) Strategy
(5) Question not attempted

8. The negative aspects of stress are known as :
(1) Distress (2) Eustress
(3) Mild stress (4) Job stress
(5) Question not attempted

9. Which one of the following is the tangible gain of TQM (Total Quality Management) ?
(1) Reduced employee grievances
(2) Effective team work
(3) Enhancement of job interest
(4) Improvement in human relations
(5) Question not attempted

10. Which of the following is not a benefit of 'Business Process Reengineering (BPR)' ?
(1) Reduces errors
(2) Fixes responsibilities for output of each process.
(3) Improves qualities of products
(4) Reduces regular evaluation
(5) Question not attempted

11. पारीक का संघर्ष प्रबंधन मॉडल किस चर पर आधारित है ?

(1) तर्कसंगत बनाम परिहार

(2) परिहार बनाम परिहार विधि

(3) दृष्टिकोण बनाम दृष्टिकोण विधि

(4) बहु-दृष्टिकोण मॉडल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. एक ही विभाग के कर्मचारी जो हर सप्ताह कुछ घंटे मिलकर गुणवत्ता, दक्षता और कार्य वातावरण में सुधार के उपायों पर चर्चा करते हैं, किस प्रकार की टीम (दल) कहलाती है ?

(1) स्व-प्रबंधन दल

(2) अलग-अलग विशेषज्ञता वाले दल

(3) गैर-आभासी दल

(4) समस्या-समाधान दल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्न में से कौन सा कथन संघर्ष प्रबंधन की "समायोजक शैली" का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

(1) अपनी चिंताओं को दूसरों पर प्राथमिकता देना।

(2) दूसरों को संतुष्ट करने के लिए अपनी चिंताओं की उपेक्षा करना।

(3) दोनों पक्षों के बीच एक मध्य मार्ग खोजना।

(4) संघर्ष से पूरी तरह बचना।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. Pareek's model of conflict management in based on which variable ?

(1) Open to reason Vs Unreasonable

(2) Avoidance Vs Avoidance mode

(3) Approach Vs Approach mode

(4) Multi-approach model

(5) Question not attempted

12. A team of employees from the same department who meet for a few hours every week to discuss ways of improving quality, efficiency and the work environment is known as :

(1) Self-management team

(2) Cross-functional team

(3) Non-Virtual team

(4) Problem solving team

(5) Question not attempted

13. Which of the following best describes the "accommodating style" of conflict handling ?

(1) Giving priority to one's own concerns over others.

(2) Neglecting one's own concerns to satisfy others.

(3) Finding a middle ground between two parties.

(4) Avoiding conflict altogether.

(5) Question not attempted

14. जी.ई. (GE) मैट्रिक्स में ऊर्ध्वाधर अक्ष क्या दर्शाता है ?

(1) व्यापार शक्ति

(2) बाज़ार अंश

(3) बाज़ार आकर्षण

(4) प्रतिस्पर्धात्मक प्रतिद्वंद्विता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्न में से कौन सा 'रणनीतिक अभिप्राय' का तत्त्व नहीं है ?

(1) दृष्टि (विज़न)

(2) व्यवसाय मॉडल

(3) व्यवसाय रणनीति

(4) व्यवसाय परिभाषा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. ध्येय (मिशन) वक्तव्य मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस प्रश्न का उत्तर देता है ?

(1) हमें प्रतिस्पर्धा कैसे करनी चाहिए ?

(2) हम किस व्यवसाय में हैं और क्या करते हैं ?

(3) हमें कहाँ जाना है ?

(4) भविष्य में हमें किन संसाधनों की आवश्यकता होगी ?

(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. ADL मैट्रिक्स में, किसी व्यवसाय के लिए आमतौर पर 'टर्नअराउंड रणनीति' उस स्थिति में सुझाई जाती है जब वह :

(1) मजबूत प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में हो परंतु उद्योग परिपक्व हो ।

(2) कमज़ोर प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में हो और उद्योग परिपक्व हो ।

(3) अनुकूल प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में हो एवं उद्योग प्रौढ़ता की ओर हो ।

(4) प्रमुख स्थिति में हो और उद्योग आरंभिक अवस्था में हो ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. In the GE Matrix, the vertical axis represents :

(1) Business strength

(2) Market share

(3) Market attractiveness

(4) Competitive rivalry

(5) Question not attempted

15. Which one of the following is not an element of 'strategic intent' ?

(1) Vision

(2) Business model

(3) Business strategy

(4) Business definition

(5) Question not attempted

16. A mission statement primarily answers which of the following questions ?

(1) How should we compete ?

(2) What business are we in and what we do ?

(3) Where we are to go ?

(4) What resources do we need in future ?

(5) Question not attempted

17. In the ADL matrix, a turnaround strategy is generally suggested for a business that is :

(1) In a strong competitive position but mature industry.

(2) In a weak competitive position in a mature industry.

(3) In a favourable competitive position in an ageing industry

(4) In a dominant position in an embryonic industry

(5) Question not attempted

18. निम्नलिखित में से कौन सी एक करिश्माई नेता की प्रमुख विशेषता नहीं है ?
(1) दृष्टि (विज़न) और अभिव्यक्ति
(2) पारंपरिक व्यवहार
(3) व्यक्तिगत जोखिम
(4) अनुयायियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. प्रयोजनवाद के अनुसार किसी कार्य का अच्छा या बुरा होना किस पर निर्भर करता है ?
(1) कार्य के पीछे की मंशा पर
(2) कार्य के दौरान अपनाए गए नियमों पर
(3) कार्य के परिणामों पर
(4) कार्य से जुड़ी परंपराओं पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. इनमें से कौन सी 'रणनीतिक योजना' की विशेषता नहीं है ?
(1) संगठन और उसके संसाधनों को आकार देना ।
(2) पर्यावरणीय चरों के प्रभाव का आकलन करना ।
(3) संगठन का समग्र दृष्टिकोण लेना ।
(4) संसाधनों की वर्तमान तैनाती से संबंधित होना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. रेत-घड़ी (Hour-glass) संरचना वाले संगठनों में, प्रौद्योगिकी के कारण कौन सी परत घटती हुई मानी जाती है ?
(1) उच्च प्रबंधन
(2) मध्य प्रबंधन
(3) निम्न स्तरीय कर्मचारी
(4) बाह्य हितधारक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. Which of the following is not a key characteristic of a Charismatic Leader ?
(1) Vision and articulation
(2) Conventional behaviour
(3) Personal risk
(4) Sensitivity to followers' needs
(5) Question not attempted

19. According to the theory of Teleology, what determines whether an act is good or bad ?
(1) Motives behind the act
(2) Rules followed during the act
(3) Ends or consequences of the act
(4) Traditions related to the act
(5) Question not attempted

20. Which one is not a characteristic of 'Strategic Planning' ?
(1) Shapes the organization and its resources
(2) Assesses the impact of environmental variables.
(3) Take a holistic view of the organisation
(4) Deals with current deployment of resources
(5) Question not attempted

21. In the hour-glass structure of organizations, which layer is said to diminishing due to technology ?
(1) Top management
(2) Middle management
(3) Lower level employees
(4) External stakeholders
(5) Question not attempted

22. संगठन में सीरियल लिंकेज प्रणाली की ऊर्ध्वाधर स्थिति क्या दर्शाती है ?

(1) समन्वय या दिशा (2) कार्य प्रवाह
(3) प्राधिकार के स्तर (4) क्रियात्मक संगठन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. निम्नलिखित में से कौन सी धारणा मैक्ग्रेगर के सिद्धांत Y के अंतर्गत सही नहीं है ?

(1) लोग स्वाभाविक रूप से काम को नापसंद नहीं करते ।
(2) लोग निर्देशित होना पसंद करते हैं ।
(3) लोग अनुकूल परिस्थितियों में जिम्मेदारी की तलाश करेंगे और उसे स्वीकार करेंगे ।
(4) लोग आंतरिक रूप से उन उद्देश्यों के लिए प्रेरित होते हैं जिनके लिए प्रतिबद्ध हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. संगठनात्मक व्यवहार मॉडल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तिगत स्तर का परिणाम नहीं है ?

(1) उत्पादकता
(2) नागरिकता (सिटिज़नशिप) व्यवहार
(3) कार्य निष्पादन
(4) पीछे हटने का (विड्रॉल) व्यवहार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) का 'ट्रिपल बॉटम लाइन दृष्टिकोण' किन तीन आयामों में प्रदर्शन पर जोर देता है ?

(1) लाभ, लोग, ग्रह
(2) अर्थव्यवस्था, नैतिकता, प्रभावशीलता
(3) लोग, उत्पादकता, लाभ
(4) नीति, योजना, प्रक्रिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. The vertical position of serial linkage system in organization shows

(1) Coordination or direction
(2) Work flow
(3) Levels of authority
(4) Functional organisation
(5) Question not attempted

23. Which of the following is not true assumption underlying McGregor's theory Y ?

(1) People do not naturally dislike work.
(2) People prefer to be directed.
(3) People will seek and accept responsibility under favorable conditions.
(4) People are internally motivated to objectives to which they are committed.
(5) Question not attempted

24. Which of the following is not an individual level outcome as per organizational behaviour model ?

(1) Productivity
(2) Citizenship behaviour
(3) Task performance
(4) Withdrawal behaviour
(5) Question not attempted

25. The 'Triple Bottom Line Approach' of CSR emphasizes performance in three dimensions. These are :

(1) Profit, People, Planet
(2) Economy, Ethics, Effectiveness
(3) People, Productivity, Profit
(4) Policy, Planning, Process
(5) Question not attempted

26. एट्रिब्यूशन प्रक्रिया के अनुसार परिणाम का बाहरी निर्धारक है

(1) सामाजिक व्यवस्था
(2) नस्ल या जाति
(3) कोशिश/प्रयत्न
(4) क्षमता/काबिलीयत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. As per Attribution process the external determinant of outcome is :

(1) Social system
(2) Race or Caste
(3) Effort
(4) Ability
(5) Question not attempted

27. व्यक्तित्व के पाँच कारक सिद्धांत के अनुसार, जिज्ञासु व्यक्तियों में ______ व्यक्तित्व कारक होता है।

(1) बहिर्मुखता
(2) अनुभव के प्रति खुलापन
(3) भावनात्मक स्थिरता
(4) सहमतता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. According to the five factor theory of personality, individuals who are curious have __________ personality factor.

(1) Extraversion
(2) Openness to experience
(3) Emotional stability
(4) Agreeableness
(5) Question not attempted

28. निम्नलिखित में से 'ए प्रकार के व्यक्तित्त्व' का लक्षण नहीं है :

(1) तेज़ी से चलना
(2) सौम्य स्वभाव वाला
(3) अधीर
(4) सफलता को मात्रा से मापना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. Which of the following is not a feature of 'Type 'A' personality' ?

(1) Walks rapidly
(2) Mild mannered
(3) Impatient
(4) Measures success with quantity
(5) Question not attempted

29. 'हेलो प्रभाव' जो कि ग्रहणबोध में विकृति का एक कारक कारण है जो प्रतिबिम्बित होता है

(1) चयन साक्षात्कार में
(2) कार्य विस्तार में
(3) कार्य समृद्धि में
(4) कार्य विश्लेषण में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. 'Halo effect' a factor cause of distortion in perception is reflected in –

(1) Selection interview
(2) Job Enlargement
(3) Job Enrichment
(4) Job Analysis
(5) Question not attempted

30. निम्नलिखित में से कौन सा टर्मिनल महत्त्व का नहीं है ?
(1) आर्थिक सफलता (2) अनुशासन
(3) स्वतंत्रता (4) जीवन में सार्थकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. निम्न में से कौन सा संगठनात्मक व्यवहार का तत्त्व नहीं है ?
(1) सम्प्रेषण (2) लोग
(3) संरचना (4) प्रौद्योगिकी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. कार्य विशेषता मॉडल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा मुख्य कार्य आयाम नहीं है ?
(1) कौशल विविधता (2) कार्य पहचान
(3) कार्य का महत्त्व (4) कार्य कठिनाई स्तर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. निम्नलिखित में से किसके लिए समूह निर्णय लेने की तकनीक के रूप में विचार मंथन (ब्रेन स्टोर्मिंग) की प्रभावशीलता अधिक है ?
(1) समूह संसक्ति का विकास
(2) सामाजिक दबाव
(3) धन लागतें
(4) अन्त:वैयक्तिक संघर्ष की संभावना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. वह सिद्धांत जो यह बताता है कि दृष्टिकोण (एटिट्यूड) में परिवर्तन विश्वासों के बीच संघर्ष के कारण होता है, वह है
(1) सुदृढ़ीकरण सिद्धांत
(2) संतुलन सिद्धांत
(3) संज्ञानात्मक स्थिरता सिद्धांत
(4) संज्ञानात्मक असंगति सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. Which of the following is not a terminal value ?
(1) Economic success
(2) Discipline
(3) Freedom
(4) Meaning in life
(5) Question not attempted

31. Which one is not the element of organisational behaviour ?
(1) Communication
(2) People
(3) Structure
(4) Technology
(5) Question not attempted

32. Which of the following is not a core job dimension according to the Job Characteristics Model ?
(1) Skill variety
(2) Task Identity
(3) Task significance
(4) Task difficulty level
(5) Question not attempted

33. For which one of the following the effectiveness of brain-storming as a group decision making technique is high ?
(1) Development of group cohesiveness
(2) Social pressure
(3) Money costs
(4) Potential for interpersonal conflict
(5) Question not attempted

34. The theory which suggests that attitude change is caused by conflict among beliefs is
(1) Reinforcement theory
(2) Balance theory
(3) Cognitive consistency theory
(4) Cognitive dissonance theory
(5) Question not attempted

35. 'संव्यवहार विश्लेषण' का विकास एरिक बेर्ने द्वारा किया गया था, वे थे –
(1) एक इंजीनियर
(2) एक उद्यमी
(3) एक मनोचिकित्सक
(4) एक उत्पादन प्रबंधक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. दल निर्माण का प्राथमिक उद्देश्य क्या होता है ?
(1) एक दल की प्रभावशीलता का विस्तार करना या व्यापक बनाना ।
(2) एक दल की उत्पाकदता को बढ़ाना ।
(3) एक दल की क्रियाओं को बढ़ाना ।
(4) एक दल की ख्याति को बढ़ाना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. 'भूमिका संघर्ष' को न्यूनतम नहीं किया जा सकता
(1) उचित भूमिका विवरण द्वारा
(2) अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों की स्पष्टता द्वारा
(3) विरोधी लक्ष्यों की स्पष्टता द्वारा
(4) वैयक्तिक आवश्यकता संतुष्टि के लिए उचित परिवेश सृजन द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I (मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त के पहलू)* | *सूची-II (व्याख्या)* |
|---|---|
| A. इद | i. सामाजिक और वैयक्तिक मानकों का प्रतिनिधित्व |
| B. इगो | ii. मानसिक ऊर्जा का स्रोत |
| C. सुपुर इगो | iii. वास्तविकता के सिद्धान्तों से जुड़ा हुआ |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i |
| (2) | i | ii | iii |
| (3) | ii | i | iii |
| (4) | ii | iii | i |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. 'Transactional analysis' was developed by Eric Berne. He was ________.
(1) An engineer
(2) An entrepreneur
(3) A psychiatrist
(4) A production manager
(5) Question not attempted

36. What is the primary purpose of 'team building' ?
(1) Enhancing the effectiveness of a team.
(2) Increasing the productivity of a team.
(3) Increasing the activities of a team.
(4) Enhancing the goodwill of a team.
(5) Question not attempted

37. 'Role conflict' cannot be minimized by –
(1) Proper role prescription
(2) Clarity in authority and responsibility
(3) Lucidity of competing goals
(4) Creating proper atmosphere for individual need satisfaction.
(5) Question not attempted

38. Match the List-I with List-II :

| *List-I (Aspects of psychoanalytic Theory)* | *List-II (Explanation)* |
|---|---|
| A. Id | i. Represents socio and personal norms |
| B. Ego | ii. Source of psychic energy |
| C. Super Ego | iii. Associated with reality principles |

Choose the correct answer from the options given below :

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i |
| (2) | i | ii | iii |
| (3) | ii | i | iii |
| (4) | ii | iii | i |

(5) Question not attempted

**39.** संघर्ष-समाधान तकनीक जिसमें पक्षकार अपने मतभेदों को कम करते हुए साझा हितों पर जोर देते हैं, उसे कहा जाता है

(1) शान्त करना (स्मूदिंग)
(2) समस्या समाधान
(3) परिवर्जन
(4) मानवीय चर को बदलना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** 'टाइप 'बी' व्यक्तित्व' के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा एक कथन सही नहीं है ?

(1) समय की तात्कालिकता की भावना से कभी ग्रस्त नहीं होना ।
(2) प्रदर्शन (दिखावा) या विचार-विमर्श करने की आवश्यकता महसूस नहीं करना ।
(3) बिना किसी अपराध बोध के आराम करना ।
(4) कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा हासिल करने के लिए चिरकालिक संघर्ष में लगे रहना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** वयस्क अहम् अवस्था में व्यक्ति कैसा होता है ?

(1) रचनात्मक
(2) अनुकूलनशील
(3) पोषण करने वाला
(4) नियंत्रण करने वाला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** 'ग्रहणबोध' के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा एक कथन सही नहीं है ?

(1) यह विभिन्न प्रकार के चरों से प्रभावित होता है ।
(2) यह एक साधारण मानसिक प्रक्रिया है ।
(3) यह व्यवहार के परिणाम को प्रभावित करता है ।
(4) यह एक जटिल मानसिक प्रक्रिया है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39.** Conflict - Resolution technique in which parties play down their differences while emphasizing common interests is known as –

(1) Smoothing
(2) Problem Solving
(3) Avoidance
(4) Altering the human variable
(5) Question not attempted

**40.** Which of the following is not a correct statement regarding 'Type B' personality ?

(1) Never suffer from a sense of time urgency.
(2) Feel no need to display or discuss.
(3) Can relax without guilt.
(4) Involves in a chronic struggle to achieve more and more in less and less time.
(5) Question not attempted

**41.** In Adult ego state a person is

(1) Creative (2) Adaptive
(3) Nurturing (4) Regulating
(5) Question not attempted

**42.** Which of the following is not a correct statement in the context of perception ?

(1) It is affected by a number of variables.
(2) It is a simple mental process.
(3) It affects the outcome of behaviour.
(4) It is a complex mental process.
(5) Question not attempted

43. किस अहम्-अवस्था में नियमों, कानूनों, विश्वासों, शिक्षण आदि विशिष्टताओं का समावेश होता है ?

(1) वयस्क (2) पेरेंट
(3) चाइल्ड (4) दत्तक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. एक टीम का सामूहिक विश्वास कि वे अपने कार्यों में सफल हो सकते हैं, कहलाता है

(1) टीम का भरोसा (2) टीम प्रभावकारिता
(3) टीम की पहचान (4) टीम सामंजस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. संघर्ष (stress) के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा एक कथन सही नहीं है ?

(1) यह कार्मिकों के भावनात्मक विकारों का एक बड़ा अंशदाता या सहयोगी है ।
(2) यह संदर्भित व्यक्ति की सहनशक्ति से प्रभावित होता है ।
(3) यह शारीरिक विकार को उत्पन्न करता है ।
(4) यह कार्मिकों के भावनात्मक विकारों का एक हलका-सा अंशदाता या सहयोगी है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. संव्यवहार विश्लेषण के समर्थकों का विश्वास है कि अहम्-अवस्थाएँ मूलत: तीन प्रकार की होती हैं, वे हैं

(1) इद, अहम् और उच्च अहम्
(2) माता-पिता, वयस्क और बच्चे
(3) सचेत, अनभिज्ञ और पूर्व-चेतन
(4) लालची, आनंद और अभावग्रस्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. Which ego state is characterized by rules, laws, truths, teaching, etc. ?

(1) Adult (2) Parent
(3) Child (4) Adaptive
(5) Question not attempted

44. A team's collective belief that they can succeed at their tasks is known as –

(1) Team trust
(2) Team efficacy
(3) Team identity
(4) Team cohesion
(5) Question not attempted

45. Which of the following is not a correct statement in the context of stress ?

(1) It is a major contributor to emotional disorder of employees.
(2) It is affected by the tolerance power of the person concerned.
(3) It leads to physical disorder.
(4) It is a slight contributor to emotional disorder of employees.
(5) Question not attempted

46. The supporters of transactional analysis believe that there are three basic ego-states :

(1) Id, Ego and High Ego
(2) Parent, Adult and Child
(3) Conscious, Unaware and Preconscious
(4) Greedy, Enjoyment and Defiant
(5) Question not attempted

47. मूलत: संगठनात्मक जलवायु किसी व्यक्ति की अपने संगठन के प्रति ________ को दर्शाता है ।

(1) अपेक्षाएँ (2) अवधारणा
(3) विश्वास (4) पदस्थिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. निम्नलिखित में से कौन सा प्रमुख संगठनात्मक वातावरण परिणामों की उपलब्धि को धीमा करता है ?

(1) संबद्धता (2) उपलब्धि
(3) विशेषज्ञ शक्ति (4) विस्तार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. अग्रसक्रिय व्यक्तित्व वाले लोग क्या नहीं करते ?

(1) पहल दिखाना
(2) कार्यवाही करना
(3) सार्थक परिवर्तन होने तक दृढ़ रहना
(4) परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया देना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. आर्थिक मूल्य जोर देते हैं

(1) समरसता पर
(2) उपयोगी और व्यावहारिकता पर
(3) स्नेह पर
(4) खोज पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. अधिगम प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. प्रतिक्रिया II. इच्छा
III. संकेत उत्तेजना IV. अवधारणा
V. सुदृढ़ीकरण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) I, IV, III, II, V (2) II, III, I, V, IV
(3) III, I, II, IV, V (4) V, III, IV, II, I
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. Basically, organizational climate reflects a person's ________ of the organization to which he or she belongs.

(1) Expectations (2) Perceptions
(3) Beliefs (4) Status
(5) Question not attempted

48. Which one of the following dominant organizational climate retard achievement of results ?

(1) Affiliation (2) Achievement
(3) Expert Power (4) Extension
(5) Question not attempted

49. People with proactive personality do not :

(1) Show initiative
(2) Take action
(3) Persevere until meaningful change occurs
(4) React to situations
(5) Question not attempted

50. Economic values place emphasis on –

(1) Harmony
(2) Useful and Practical
(3) Love
(4) Discovery
(5) Question not attempted

51. Arrange the following steps of learning process in the correct order :

I. Responses II. Desire
III. Cue Stimuli IV. Retention
V. Reinforcement

Choose the correct answer from the options given below :

(1) I, IV, III, II, V (2) II, III, I, V, IV
(3) III, I, II, IV, V (4) V, III, IV, II, I
(5) Question not attempted

52. मेयर्स–ब्रिग्स टाइप इन्डीकेटर के अनुसार बहिर्मुखी व्यक्ति क्या नहीं होते हैं ?
(1) आउटगोइंग (2) लचीले
(3) सामाजिक (4) मुखर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. टीम निर्माण के निम्नलिखित में से किस चरण में सदस्य टीम के लक्ष्यों को स्वीकार करते हैं और उन लक्ष्यों में शामिल होते हैं ?
(1) जागरूकता (2) टकराव
(3) सहयोग (4) उत्पादकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. मूल्य स्वाभाविक रूप से अभिवृत्तियों की तुलना में ज्यादा _______ होते हैं ।
(1) विशिष्ट (2) सामान्य
(3) धीमे (4) तीव्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. निम्नांकित में से कौन सा एक कथन 'मूल्यों' के संदर्भ में सही है ?
(1) लोग अपने विकास और परिपक्वता के साथ–साथ मूल्यों को सीखते हैं ।
(2) अभिवृत्ति की तुलना में गहरे स्तर पर विद्यमान नहीं होते हैं ।
(3) अभिवृत्तियों की तुलना में अधिक संख्या होती है ।
(4) कार्यों का मार्गदर्शन करने के लिए प्रमाप नहीं होते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. राजनैतिक मूल्यों में जोर दिया जाता है
(1) लोगों के प्रति लगाव दिखाने पर
(2) आलोचनात्मक और तर्कसंगत दृष्टिकोण के माध्यम से सत्य की खोज पर
(3) सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के अनुभव और समझ की एकता पर
(4) शक्ति और प्रभाव के अधिग्रहण पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. As per Myers-Briggs Type indicator extraverted individuals are not
(1) Outgoing (2) Flexible
(3) Sociable (4) Assertive
(5) Question not attempted

53. In which of the following stages of team building the members accept ownership of the team goals and get involved with those goals ?
(1) Awareness (2) Conflict
(3) Cooperation (4) Productivity
(5) Question not attempted

54. Values are more _______ in nature than attitudes.
(1) specific (2) general
(3) slow (4) fast
(5) Question not attempted

55. Which of the following is a correct statement regarding 'values' ?
(1) Individuals learn values as they grow and mature.
(2) Does not exist at a deeper level than attitudes.
(3) Are more in number than attitudes.
(4) Are not standards to guide actions.
(5) Question not attempted

56. Political values place emphasis on :
(1) Loving with people
(2) Discovery of truth through a critical and rational approach
(3) Unity of experience and understanding of the universe as a whole.
(4) Acquisition of power and influence.
(5) Question not attempted

57. अभिप्रेरण–आरोग्य सिद्धांत के अनुसार ______ कार्य संतुष्टि का एक आंतरिक कारक है ।

(1) पर्यवेक्षण

(2) पर्यवेक्षक के साथ संबंध

(3) वेतन

(4) कार्य/काम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. अभिवृत्ति का संज्ञानात्मक संघटक एक व्यक्ति की ______ को दर्शाता है ।

(1) अवधारणा (2) भावनाएँ

(3) गुण (4) इरादा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. 'अन्त: व्यक्ति सम्बन्ध विकसित करने' के संदर्भ में निम्नांकित अवस्थाओं को क्रमबद्ध ढंग से व्यवस्थित कीजिए :

I. विश्वास और प्रभाव विकसित करना ।

II. प्रथम प्रभाव का निर्माण करना ।

III. मनोवैज्ञानिक अनुबन्धों का सम्मान करना ।

IV. पारस्परिक अपेक्षाओं का विकास करना ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(1) I, II, III और IV

(2) III, I, IV और II

(3) IV, III, II और I

(4) II, IV, III और I

(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. निम्नलिखित में से किस तरीके से स्वयं में आत्म–प्रभावकारिता नहीं बढ़ाई जा सकती है ?

(1) सक्रिय महारत

(2) धैर्य

(3) प्रतिस्थापी मॉडलिंग

(4) मौखिक अनुनय

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. According the Motivation-Hygiene Theory ________ is an intrinsic factor to job satisfaction.

(1) Supervision

(2) Relationship with supervisor

(3) Salary

(4) Work itself

(5) Question not attempted

58. The cognition concept of an attitude, reflects a person's ________.

(1) Perception (2) Feelings

(3) Attribution (4) Intention

(5) Question not attempted

59. Arrange the following stages of 'developing inter-personal relationship' in correct order :

I. Developing trust and influence.

II. Forming first impression.

III. Honouring psychological contracts.

IV. Developing mutual expectations.

Choose the correct answer from the options given below :

(1) I, II, III and IV

(2) III, I, IV and II

(3) IV, III, II and I

(4) II, IV, III and I

(5) Question not attempted

60. In which one of the following ways self-efficacy in oneself cannot be increased ?

(1) Enactive mastery

(2) Patience

(3) Vicarious modeling

(4) Verbal persuasion

(5) Question not attempted

61. निम्नांकित में से 'दल निर्माण' का एक महत्त्वपूर्ण घटक है
(1) प्रतिपुष्टि (2) नवाचार
(3) नियंत्रण (4) नियोजन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. संघर्ष प्रबंधन की _____ परिवर्जन शैली का मुख्य उद्देश्य अस्थायी शांति खरीदना है ।
(1) इस्तीफा (2) मनुहार
(3) निकासी (4) डिफ्यूजन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. लिकर्ट द्वारा संगठनात्मक जलवायु के छः आयामों को प्रस्तुत किया गया है :
I. नेतृत्व II. अभिप्रेरण
III. सम्प्रेषण IV. प्रमाप
V. निर्णयन VI. लक्ष्य
VII. नियंत्रण
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(1) I, III, IV, V, VI व VII
(2) I, II, III, V, VI व VII
(3) I, II, III, IV, V व VI
(4) II, III, IV, V, VI व VII
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. निम्नांकित में से कौन सी परिस्थिति में एक संगठनात्मक संस्कृति संगठन के दायित्व के रूप में बदल जाती है ?
(1) जब यह दुष्क्रियात्मक हो जाती है ।
(2) जब यह आपत्तिजनक हो जाती है ।
(3) जब यह अनैतिक हो जाती है ।
(4) जब वह गैर वैधानिक हो जाती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. Which of the following is an important component of 'team building' ?
(1) Feedback (2) Innovation
(3) Control (4) Planning
(5) Question not attempted

62. The main objective of _____ avoidance style of conflict management is to buy temporary peace.
(1) Resignation (2) Appeasement
(3) Withdrawal (4) Defusion
(5) Question not attempted

63. Likert has proposed six dimensions of organizational climate :
I. Leadership
II. Motivation
III. Communication
IV. Standards
V. Decisions
VI. Goals
VII. Control
Choose the correct answer from the options given below :
(1) I, III, IV, V, VI and VII
(2) I, II, III, V, VI and VII
(3) I, II, III, IV, V and VI
(4) II, III, IV, V, VI and VII
(5) Question not attempted

64. In which situation, an organizational culture turns into a liability of the organisation ?
(1) when it becomes dysfunctional
(2) when it becomes objectionable.
(3) when it becomes unethical.
(4) when it becomes unlawful.
(5) Question not attempted

65. निम्नलिखित में से कौन सा एक चुनौती तनाव कारक है ?

(1) समय की तात्कालिकता
(2) लाल फीताशाही
(3) कार्यालय की रणनीति
(4) कार्य की जिम्मेदारियों को लेकर भ्रम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. अभिप्रेरण के ______ सिद्धांत में पुरस्कार और/या दंड के संयोजन का उपयोग वांछित व्यवहार को सुदृढ़ करने या अवांछित व्यवहार को समाप्त करने के लिए किया जाता है।

(1) न्यायोचित
(2) पुनर्बलन/संबलन
(3) संज्ञानात्मक मूल्यांकन
(4) व्रुम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. काम पर तनाव का मनोवैज्ञानिक लक्षण है

(1) कम कार्य प्रदर्शन
(2) बीमारी
(3) कम कार्य संतुष्टि
(4) पुरानी स्वास्थ्य स्थितियाँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. जब समूह में एकजुटता कम होती है और प्रदर्शन मानदंड ऊँचे होते हैं तो समूह उत्पादकता ______ होती है।

(1) निम्न
(2) मध्यम
(3) मध्यम और कम के बीच
(4) उच्च
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. Which one of the following is challenge stressor ?

(1) Time urgency
(2) Red tape
(3) Office politics
(4) Confusion over job responsibilities
(5) Question not attempted

66. In ______ theory of motivation a combination of rewards and/or punishments is used to reinforce desired behaviour or extinguish unwanted behaviour.

(1) Equity
(2) Reinforcement
(3) Cognitive evaluation
(4) Vroom's
(5) Question not attempted

67. Psychological symptoms of stress at work is –

(1) Lower job performance
(2) Illness
(3) Lower job satisfaction
(4) Chronic health conditions
(5) Question not attempted

68. When group cohesiveness is low and performance norms are high, group productivity is

(1) Low
(2) Moderate
(3) Moderate to low
(4) High
(5) Question not attempted

69. संगठनात्मक व्यवहार, मानवीय व्यवहार पर _____ के समान है।

(1) समन्वय (2) बहुरूपदर्शक

(3) समृद्धि (4) समता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. वैयक्तिक व्यवहार को कौन सा कारक प्रभावित नहीं करता है ?

(1) व्यक्तित्व (2) आर्थिक घटक

(3) अभिप्रेरणा (4) अंगूरीलता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. एक संगठन का 'मिशन वाक्य' उद्देश्यों और _____ की पहचान बताता है।

(1) दिशाओं (2) हित

(3) कल्याण (4) दशाओं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. 'ऑक्टॉपेस प्रोफाइल' (OCTAPACE Profile) (पारीक द्वारा विकसित 8 घटक) में 'O' अक्षर का अभिप्राय है

(1) ऑर्गेनाइजेशन (2) ओपननेस

(3) ओप्टीमल (4) ओरिएन्टेशन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. निम्नांकित में से 'संगठनात्मक व्यवहार' का लाभ नहीं है :

(1) कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखता है।

(2) एक एकीकृत सिद्धान्त बताता है जिसे सभी दशाओं/परिस्थितियों में लागू किया जा सकता है।

(3) कार्मिक संतुष्टि के लिए उपकरण उपलब्ध कराता है।

(4) परिवर्तनों का सामना करने में मदद करता है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. Organisational behaviour is like a _____ on human behaviour.

(1) Coordination (2) Kaleidoscope

(3) Enrichment (4) Equity

(5) Question not attempted

70. Which factor does not influence the individual behaviour ?

(1) Personality

(2) Economic factors

(3) Motivation

(4) Grapevine

(5) Question not attempted

71. 'Mission Statement' identifies the purpose and _____ of an organization.

(1) Directions (2) Interests

(3) Welfare (4) Conditions

(5) Question not attempted

72. In 'OCTAPACE' profile (8 factors developed by Pareek), the letter 'O' stands for

(1) Organisation (2) Openess

(3) Optimal (4) Orientation

(5) Question not attempted

73. Which of the following is not a benefit of 'Organizational Behaviour (OB)' ?

(1) Maintains work-life balance.

(2) Produces a unified theory which can be applied in all situations.

(3) Provided tools for employee satisfaction.

(4) Helps in coping with changes.

(5) Question not attempted

**74.** निम्नलिखित में से कौन सा एक मानव संसाधन गतिविधियों को आउटसोर्स करने को सक्रिय करने वाली उत्तेजना नहीं है ?

(1) आकार घटाना

(2) प्रतिस्पर्धा में गिरावट

(3) तेज़ी से विकास

(4) पुनर्गठन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**75.** व्यक्तिगत उद्यम के लिए मानव संसाधन प्रबंधन का महत्त्व जो संगठन को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद नहीं करता है, वह है

(1) कर्मचारियों के बीच सही दृष्टिकोण का निर्माण करना ।

(2) एक कार्मिक (इंसान) के रूप में कर्मचारी की गरिमा बनाए रखना ।

(3) मानव संसाधन का प्रभावी ढंग से उपयोग करना ।

(4) उद्यम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कर्मचारी की इच्छुक भागीदारी को सुनिश्चित करना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**76.** निम्नांकित में से 'कार्य पर तनाव' के मुख्य कारण का एक उदाहरण नहीं है :

(1) असुरक्षा

(2) टेंशन

(3) वित्तीय समस्याएँ

(4) कार्यभार की अधिकता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**74.** Which of the following is not a trigger for outsourcing HR activities ?

(1) Downsizing

(2) Declining competition

(3) Rapid growth

(4) Restructuring

(5) Question not attempted

**75.** Significance of human resource management for individual enterprise, which does not help the organisation in accomplishing its goals is :

(1) creating right attitude amongst the employees

(2) maintaining the dignity of the employee as a 'human being'

(3) utilizing effectively the human resource

(4) securing willing cooperation of the employees for achieving goals of the enterprise.

(5) Question not attempted

**76.** Which of the following is not an example of main cause of 'Stress on the job' ?

(1) Insecurity

(2) Tension

(3) Financial problems

(4) Work overload

(5) Question not attempted

77. कार्य विश्लेषण के लिए एकत्रित नहीं की गई जानकारी है

(1) कार्य गतिविधियाँ
(2) निष्पादन मानक
(3) मशीन टूल्स, उपकरण और अन्य कार्य सहायक
(4) प्रदर्शन/निष्पादन मूल्यांकन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य-विवरण में शामिल नहीं है ?

(1) कार्यों का विवरण
(2) कर्तव्यों का विवरण
